सं. 11014/01/2025-रा.भा.(पत्रिका)

गृह मंत्रालय

राजभाषा विभाग

......

बी विंग, चतुर्थ तल, एन.डी.डी.सी-2 भवन

जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001

दिनांक: 17 जनवरी, 2025

कार्यालय ज्ञापन

विषय: भारत के संविधान की हीरक जयंती के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता संग्राम एवं संविधान निर्माण में महिलाओं के योगदान पर आधारित राजभाषा भारती के विशेषांक के लिए लेख आमंत्रित करने के संबंध में।

सहर्ष सूचित किया जाता है कि भारत का संविधान अपनाए जाने की हीरक जयंती के उपलक्ष्य में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय अपनी पत्रिका 'राजभाषा भारती' के विशेषांक को भारत के स्वतंत्रता संग्राम एवं संविधान निर्माण में महिलाओं की उपलब्धियों एवं योगदान को समर्पित कर रहा है।

अतः इस विशेषांक के लिए निम्नलिखित विषयों पर लेख/शोध लेख आमंत्रित किए जाते हैं:-

1. भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं का योगदान।
2. भारत के संविधान निर्माण में महिलाओं की भूमिका।
3. भारत के संविधान में महिलाओं को दिए गए अधिकार।
4. संसद द्वारा पारित महिला आरक्षण अधिनियम, 2023 का महत्व।

लेख/शोध लेख मंगल फॉन्ट में टाइप किए हुए, व्याकरणिक एवं तथ्यात्मक दृष्टि से सही तथा कम से कम 3000 शब्दों तक हो सकते हैं। शोध से जुड़े लेखों में शब्दों की सीमा 5000 शब्द तक हो सकती है। पत्रिका में लेखों के प्रकाशन के संबंध में अंतिम निर्णय राजभाषा विभाग का होगा। चयनित शोध-लेखों के लेखकों को नियमानुसार मानदेय दिए जाने का प्रावधान है।

कृपया लेख (फोटो सहित) दिनांक 7/2/2025 सायं 5 बजे तक ई-मेल आई डी patrika-ol@nic.in पर भिजवाना सुनिश्चित करें।

(अनिल कुमार)

उप सचिव(अनुसंधान/पत्रिका)